यूथरेडक्रास सोसायटी वार्षिक प्रतिवेदन

2016–17

यूथरेडक्रास सोसायटी की नियमित गतिविधियों के अंतर्गत वर्ष 2016–17 में निम्न कार्यक्रम आयोजित किये गये।

1. दिनांक 21 जून 2016 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में योग शिविर का आयोजन किया गया।
2. महाविद्यालय परिसर में हरियर छत्तीसगढ़ योजना के तहत माननीय प्रदेशाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी श्री धरमलाल कौशिक जी के नेतृत्व में पर्यावरण को स्वच्छ एवं हरा रखने हेतु वृक्षारोपण 16 जुलाई 2016 को किया गया जिसमें लगभग 150 पौधारोपण किया गया।
3. सिकलसेल बीमारी के प्रति लोगो को जागरूक करने हेतु सिकलसेल की जानकारी पर व्याख्यान का आयोजन 2 सितम्बर 2016 को किया गया जिसमें सिकलसेल की जानकारी के साथ–साथ इसके बचाव पर भी जोर दिया गया।
4. छात्रों में आध्यात्मिक रूझान उत्पन्न करने हेतु विद्यार्थी जीवन में समय का महत्व पर व्याख्यान पूज्य श्री दामा किंकर जी महाराज द्वारा 9 सितम्बर 2016 को दिया गया।
5. रक्तदान महादान रक्तदान के प्रति छात्र/छात्राओं को जागरूक करने एवं प्रेरित करने के लिए रक्तदान पर व्याख्यान प्रो. एस.के. अग्रवाल द्वारा दिनांक 17/09/2016 को दिया गया एवं दिनांक 22/09/2016 को आयोजित रक्तदान शिविर में अधिकाधिक रक्तदान करने का आह्वान किया।
6. सिकलसेल एवं थैलेसीमिया जागरूकता अभियान व जांच शिविर में महाविद्यालय के अधिकाधिक छात्र/छात्राओं की जांच हो सके इस हेतु छात्र/छात्राओं को सिकलसेल व थैलेसीमिया की जानकारी दें कर जांच हेतु प्रेरित किया गया। जिससे इन बीमारियों के फैलाव को रोका जा सके।
7. अग्रसेन जयंती समारोह के उपलक्ष्य में अग्रवाल सेवा समिति, अग्रवाल नवयुवक समिति, समाजशास्त्र परिषद् एवं यूथरेडक्रास सोसायटी शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय बिल्हा द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर दिनांक 22/09/2016 को यूथरेडक्रास सोसायटी के अथक प्रयासो से 128 यूनिट रक्तदान किया गया। इस शिविर में महाविद्यालय के प्राध्यापक छात्र/छात्राओं सहित 52 लोगो ने रक्तदान किया। महाविद्यालय की कई छात्राये हिमोग्लोबिन कम होने, वजन कम होने के कारण रक्तदान नहीं कर पायी। इस अवसर पर यूथरेडक्रास सोसायटी द्वारा फल एवं ड्रायफ्रूट्स का वितरण रक्तदाताओं को किया गया।
8. 1 दिसम्बर 2016 को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर बैनर द्वारा HIV/AIDS के प्रति जागरूकता का प्रयास किया गया। भारत के एड्स पीड़ितों में 15–19 आयुवर्ग का प्रतिशत 31 प्रतिशत है अतः युवाओं को इस बीमारी के प्रति जागरूक करना जरूरी है। रेड रिवन क्लब के माध्यम से इसका प्रयास किया गया।
9. राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर ग्राम परसदा में रक्तदान, सिकलिन एवं दिव्यांगत पर व्याख्यान का आयोजन 03/01/2017 को किया गया। उपस्थित ग्रामवासियों एवं शिविरार्थियों को संबोधित करते हुए प्रो. एस.के. अग्रवाल ने बताया कि भारत सरकार ने दिव्यांगता में 7 से बढ़ाकर 21 श्रेणियों को शामिल किया हैं। इसमे सिकलसेल एवं थैलेसीमिया भी शामिल हैं। इस अवसर पर शिविरार्थी छात्रों को फलो का वितरण यूथरेडक्रास सोसायटी की ओर से किया गया।
10. 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जी जयंती के अवसर पर युवा दिवस का आयोजन किया गया एवं विवेकानंद जी की बातो को आत्मसात् करने का आह्वान किया गया।
11. 19 जनवरी को 2017 को महाविद्यालय में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें छात्र/छात्राओं का हिमोग्लोबिन, सिकलिन एवं रक्तवर्ग परीक्षण बिल्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सक एवं तकनीकी स्टाफ द्वारा किया गया लगभग 110 छात्र/छात्राओं ने शिविर का लाभ उठाया।
12. 25 जनवरी 2017 को महाविद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवसव का आयोजन किया गया जिसमें नये मतदाताओं का सम्मान कर उन्हें मतदाता परिचय पत्र वितरित किये गये।
13. दिनांक 09 फरवरी 2017 को महाविद्यालय के वार्षिक स्नेह सम्मेलन के अवसर पर रक्तदान करने वाले तथा वार्षिक गतिविधियों में सहयोगी छात्र/छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

प्राचार्य
शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय
बिल्हा जिला- बिलासपुर (छ.ग.)

संजय कुमार अग्रवाल
प्रभारी
यूथरेडक्रास सोसायटी
शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय बिल्हा
जिला – बिलासपुर (छ.ग.)